

02

वर्ण चौधरी ने किया पदक विजेता का स्वागत

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

उद्योगपति तैयार करें बेहतर प्लेटफॉर्म : ढींगी



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 18 जनवरी 2023

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, अमांत-पौष, कृष्ण पक्ष एकादशी, मूल्य, 2.00 रुपए




# सेक्टर दो में निकाली सड़क सुरक्षा जागरुकता रैली

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय में मंगलवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के चलते एनएसएस यूनिट 2 के तत्वाधान में एक रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली को निकालने का उद्देश्य स्वयंसेवकों के माध्यम से जनमानस को ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित करना था। कॉलेज उपप्राचार्या कमल टंडन ने इस रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इस अवसर पर युवकों को सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ भी दिलवाई। अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अमूल्य जीवन को अत्यधिक गति में वाहन चलाकर, नशे और दुर्घटनाओं में न गवाने की शपथ दिलाई और सामाजिक कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस रैली में



सेक्टर दो में रैली के लिए जाते हुए। आज समाज

लगभग 70 स्वयंसेवक-सेविकाओं ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा जैसे नारों के साथ यह रैली बल्लभगढ़ में सेक्टर 2 में निकाली गई। महाविद्यालय में समय-समय पर सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों से विद्यार्थियों को अवगत कराने के लिए विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर, स्लोगन लेखन, कविता पाठ और प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी करवाया जाता है ताकि विद्यार्थियों में निजी वाहन चलाते समय और सड़क पर चलते हुए स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ सड़क पर चलने वाले लोगों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न किया जा सके। सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए युवा शक्ति अति महत्वपूर्ण माध्यम है।

प्राचार्या ने एनएसएस प्रभारी, डॉ शोभना गोयल और डॉ. सुप्रिया ढांडा को रैली के कुशल संचालन के लिए बधाई दी वा और सभी स्वयंसेवक-सेविकाओं की भी बहुत प्रशंसा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीपी मोहित हुड्डा भी उपस्थित रहे।